# कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 27 April 2024



# भारत की सबसे बड़ी जलवायु घड़ी :

- **सीएसआईआर** ने जलवायु परिवर्तन के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए पृथ्वी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत की सबसे बड़ी जलवायु घड़ी का उद्घाटन किया।
- यह पहल जलवायु परिवर्तन और इसके प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए **सीएसआईआर** की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।



# वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) :

- **स्थापना :** सितंबर 1942
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली
- **CSIR** एक अखिल भारतीय संस्थान है जिसमें **37 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, 39 दूरस्थ केंद्रों, 3 नवोन्मेषी परिसरों** और **5 इकाइयों का एक सक्रिय नेटवर्क** शामिल है।
- **CSIR** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा का वित्तपोषण किया जाता है तथा यह **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय के रूप में पंजीकृत है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- **संरचना :** अध्यक्ष: भारत का प्रधानमंत्री (पदेन अध्यक्ष)
  - **उपाध्यक्ष :** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (पदेन उपाध्यक्ष)
- **शासी निकाय/संचालक मंडल :** महानिदेशक (Director General) शासी निकाय का प्रमुख होता है।
- इसके अतिरिक्त वित्त सचिव (व्यय) इसका पदेन सदस्य होता हैं।
- अन्य सदस्यों का कार्यकाल **तीन वर्षों** का होता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **CSIR सलाहकार बोर्ड:** यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों का **15 सदस्यीय निकाय** होता है।
- इसका कार्य शासी निकाय को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी सलाह या इनपुट्स प्रदान करना है।
- इसके **सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्षों** का होता है।
- **उद्देश्य :** परिषद का उद्देश्य राष्ट्रीय महत्त्व से संबंधित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान करना है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# निजी संपत्ति का पुनर्वितरण :

- सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति के पुनर्वितरण को लेकर बड़ी टिप्पणी की है।
- **सुप्रीम कोर्ट की 9 सदस्यीय बेंच** ने कहा कि संविधान का उद्देश्य सामाजिक बदलाव की भावना लाना है।
- कोर्ट ने कहा कि यह कहना '**खतरनाक**' होगा कि किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति को '**समुदाय का भौतिक संसाधन**' नहीं माना जा सकता और '**सार्वजनिक भलाई**' के लिए राज्य प्राधिकारों द्वारा उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

## मामले से संबंधित प्रमुख बिंदु :

- यह मामला इस बात को रेखांकित करता है, कि क्या सरकार संविधान के **अनुच्छेद 39 (b)** के तहत निजी स्वामित्व वाली संपत्तियों का अधिग्रहण और पुनर्वितरण कर सकती है।
- **अनुच्छेद 39 (b)** संविधान के **भाग IV** के अंतर्गत आता है, जिसे **राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत (DPSP)** के रूप में जाना जाता है।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# तर्क :

- **न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर** ने तर्क दिया कि निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को समुदाय के भौतिक संसाधन माना जाना चाहिए।
- उनकी व्याख्या को महत्व मिला और बाद में **उच्चतम न्यायलय** ने बाद के मामलों में इसकी पुष्टि की।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# अर्जित संपत्ति विवाद :

- यह विवाद मुंबई में 'सेस्ड संपत्तियों के मालिकों द्वारा महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट एक्ट (MHADA) में **1986 के संशोधन को चुनौती** देने से उत्पन्न हुआ।
- **संशोधन में अनुच्छेद 39(b)** के तहत संपत्तियों के अधिग्रहण को जरूरतमंद व्यक्तियों को हस्तांतरित करने की अनुमति दी गई।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# कानूनी प्रावधान :

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने संविधान के **अनुच्छेद 31(c)** का हवाला देते हुए कानून को बरकरार रखा।
- **इसके बाद 1992** में इस मामले की अपील उच्चतम न्यायालय में की गई, जिसने इसे पुनर्विचार के लिए बड़ी बेंच के पास भेज दिया।
- **वर्ष 2002 में सात जजों की बेंच ने अनुच्छेद 39 (b)** की व्यापक व्याख्या पर आपत्ति जताई और मामले को नौ जजों की बेंच के पास भेज दिया।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# अनुच्छेद 39 :

- जैसा की पहले ही जिक्र कर चुके हैं कि **संविधान का अनुच्छेद 39 राज्य के नीति निदेशक तत्वों** से जुड़ा है।
- इसमें **39a से 39f** तक का जिक्र है। **39a** के तहत सभी नागरिकों को आजीविका के पर्याप्त साधन का अधिकार शामिल है।
- **अनुच्छेद 39बी** कहता है कि समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार वितरित किया जाए कि आम हित की पूर्ति हो सके। दूसरे शब्दों में कहें तो आम लोगों की भलाई हो सके।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **अनुच्छेद 39सी** में इस बात का जिक्र है कि राज्य को धन को कुछ हाथों में केंद्रित करने से बचना होगा।
- **अनुच्छेद 39डी** में महिला और पुरुष दोनों को समान काम के लिए समान वेतन की बात कही गई है।
- **39ई** में श्रमिकों की ताकत और स्वास्थ्य की सुरक्षा शामिल है।
- साल **1976 में 42वें संविधान संशोधन** किया गया था। इसके अनुसार **क्लॉज एफ** डाला गया था। इसमें कहा गया था कि बच्चों को स्वस्थ तरीके से और स्वतंत्रता और सम्मान की स्थितियों में विकसित होने के अवसर और सुविधाएं दी जाएं।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# चुनाव में निर्विरोध विजेता :

- लोकसभा चुनाव में **सूरत सीट से भारतीय जनता पार्टी (BJP)** के उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्वाचन आयोग ने शनिवार को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया।
- **सूरत में कुल 15 नामांकन पत्र भरे गए।** इनमें कांग्रेस के नीलेश कुंभानी समेत 6 फॉर्म रद्द हो गए।
- इस तरह बीजेपी उम्मीदवार **मुकेश दलाल को छोड़कर आठ उम्मीदवारों** के फॉर्म बचे थे। लेकिन इन **आठ उम्मीदवारों ने भी अपने फॉर्म वापस ले लिए।** लिहाज़ा मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

# कब-कब उम्मीदवार निर्विरोध जीते :

- **1951 के बाद से कम से कम 34** ऐसे व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने बिना किसी विरोध के संसदीय चुनाव जीते हैं, जिनमें श्री दलाल भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में 18वीं लोकसभा में सीट जीती है।
- **वर्ष 1951** में देश की स्वतंत्रता के बाद के **पहले आम चुनाव में 10 उम्मीदवार निर्विरोध** जीते थे।
- इसी तरह **1957 में लोकसभा चुनावों में 11 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए, 1962 में पांच, 1967 में पांच, 1971 में एक, 1977 में दो, 1984 में एक, 1989 में एक और 2012 के उपचुनाव में एक उम्मीदवार निर्विरोध** जीते।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# भारत में चुनाव में नामांकन प्रक्रिया :

- **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1951 की धारा 33** में नामांकन के वैध होने संबंधी प्रावधान किए गए हैं।



# किसी निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन दाखिल करने के लिए :

- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के उम्मीदवार का एक **प्रस्तावक (Proposer)** होना चाहिए।
- निर्दलीय और गैर-मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवारों को **दस प्रस्तावकों का समर्थन** लेना होगा।
- प्रस्तावक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता होना चाहिए।
- **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 36** में प्रावधान किया गया है कि **रिटर्निंग ऑफिसर उम्मीदवार** या प्रस्तावक के हस्ताक्षर असली नहीं पाए जाने पर नामांकन को रद्द कर सकता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# एशिया में जलवायु की स्थिति : 2023

- जलवायु संबंधी हालिया दो रिपोर्ट वैश्विक जलवायु प्रभावों का सामना करने में विकसित देशों की विफलता को उजागर करती हैं, विशेष रूप से एशिया में, जिसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने दुनिया की 'आपदा राजधानी' के रूप में चिन्हित किया है।



**जलवायु प्रभाव :** वर्ष 2023 में, एशिया ने वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक आपदाओं का अनुभव किया, साथ ही बाढ़ और तूफान के कारण यहाँ सबसे अधिक मौतें और आर्थिक नुकसान हुई हैं।

- इस सन्दर्भ में पूर्वी और उत्तरी भारत में लू का प्रकोप तेज हो गया और तापमान रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गया।
- एशिया में तापमान वृद्धि की प्रवृत्ति देखी जा रही है, जो वर्ष 1961 से 1990 की अवधि की तुलना में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी तेज है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**समुद्र स्तर :** वर्ष 2023 में, वैश्विक औसत समुद्र स्तर निरंतर दर (जनवरी 1993 से मई 2023 की अवधि में 3.43 ± 0.3 मिमी/वर्ष) से बढ़ती रही।

- हालाँकि, समुद्र के स्तर में वृद्धि सभी क्षेत्रों में एक समान नहीं है।

**सर्वाधिक आपदा प्रभावित क्षेत्र :** एशिया वर्ष 2023 में मौसम, जलवायु एवं जल संबंधी आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहा।



**आपदा संबंधी आँकड़े :** वर्ष 2023 में एशिया में 79 मौसम संबंधी आपदाएँ आईं, जिनमें से 80% से अधिक घटनाएँ बाढ़ और तूफान से हुईं।

**दक्षिण-पश्चिम चीन में सूखा :** वर्ष 2023 में, दक्षिण-पश्चिमी चीन में सूखे का अनुभव हुआ, पूरे वर्ष सामान्य से कम वर्षा हुई।


**तापमान विसंगति :** वर्ष 2023 में पूरे एशिया में वार्षिक औसत सतही तापमान अब तक दर्ज किया गया दूसरा सबसे अधिक तापमान था।

- यह वर्ष 1991-2020 बेसलाइन से 0.91 डिग्री सेल्सियस एवं वर्ष 1961-1990 बेसलाइन से 1.87 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# महासागर का गर्म होना और समुद्री हीटवेव :

- बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण महासागरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वैश्विक समुद्र-स्तर में वृद्धि हुई है और महासागरीय धाराओं में बदलाव आया है।
- समुद्री गर्मी की लहरें, विशेष रूप से आर्कटिक महासागर, पूर्वी अरब सागर और उत्तरी प्रशांत क्षेत्र में, कई महीनों तक चली हैं, जिससे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हुआ है।




For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play



# M C Q

# QUESTIONS

1. **हाल ही में ICC टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एंबेसडर किसे बनाया गया है?**

(A) सचिन तेंदुलकर (B) ब्रायन लारा

(C) उसैन बोल्ट (D)नीरज चोपड़ा

**Ans;-उसैन बोल्ट**

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

2. RBI द्वारा हाल ही में किस बैंक पर ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है?

(A) कोटक महिंद्रा बैंक
(B) बैंक ऑफ़ इंडिया
(C) एसबीआई
(D) पंजाब नेशनल बैंक

**Ans:-कोटक महिंद्रा बैंक**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

3. हाल ही में किसके द्वारा हल्के वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट तैयार किया गया है?

(A) NASA
(B) ISRO
(C) DRDO
(D) HAL

Ans;-DRDO

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**4. युकी भांबरी ने BMW ओपन टेनिस युगल का खिताब किसके साथ जीता है?**

(A) कार्लोस अलकराज

(B) राफेल नडाल

(C) रोहन बोपन्ना

(D) अल्बानो ओलिवेटी

कौटिल्य एकेडमी

**Ans;-अल्बानो ओलिवेटी(France)**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

5. **एशियाई U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दीपांशु शर्मा ने भाला फेंक में कौन सा मेडल जीता है?**

(A) गोल्ड मेडल
(B) सिल्वर मेडल
(C) ब्रॉन्ज मेडल
(D) कोई नहीं

**Ans;-गोल्ड मेडल**

कौटिल्य एकेडमी

6. **भारत की गीता सभरवाल को किस देश में UN की रेसिडेंट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है?**

(A) बांग्लादेश
(B) इंडोनेशिया
(C) म्यांमार
(D) श्रीलंका

**Ans;-इंडोनेशिया**

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

7. कम्पेयर द् मार्केट एयू की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट किस देश का है?

(A) अमेरिका
(B) रूस
(C) जापान
(D) भारत

Ans;-भारत

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

# Thank you!

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*